दूरभाष : 0120-4089858 • फैक्स : 0120-4089895
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
(मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था)
ए-24-25, सेक्टर-62, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)

विद्याधनम् सर्वधनं प्रधानम्

Telephone : 0120-4089858 • Fax : 0120-4089895
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
(An autonomous Institution Under MHRD, Govt. of India)
A-24-25, Sector-62, NOIDA, Distt. - Gautam Buddha Nagar (U.P.)

एस. विजय कुमार, निदेशक (वि.स.से.)
S. VIJAYA KUMAR, Director (SSS)

Web Site : www.nios.ac.in
E-mail : dirsss@nios.ac.in

फा-21-56/2014/एनआईओएस/वि.स.से./प्रशा.
दिनांक : 11.11.2019

विषय : व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) के आयोजन के संबंध में

महोदय/महोदया,

मैं सबका अभिवादन करता हूँ। मैंने 20 जून, 2019 को एनआईओएस में निदेशक (वि.स.से.) का कार्यभार ग्रहण किया है।

एनआईओएस के लक्ष्य और उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु इसकी विभिन्न गतिविधियों को गति देने के लिए एआई (अध्ययन केंद्रों) के सभी समन्वयों के सहयोग का अनुरोध है। एनआईओएस का मुख्य उद्देश्य "शिक्षा वंचितों तक शिक्षा पहुँचाना" है और समाज के वंचित वर्ग, सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग व अनु.जा. और अनु.जन जा. वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना है। अत: यह हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि हम इस चुनौती का सामना करें और संस्था की उच्च स्तरीय विश्वसनीयता को बनाए रखें।

समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार एआई (अध्ययन केंद्र) प्रति विषय कम से कम तीस (30) व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) और प्रायोगिक विषयों के मामले में पैंतीस (35) पीसीपी कक्षाओं (सिद्धांत की 30 पीसीपी और प्रायोगिक के लिए 5 पीसीपी) का आयोजन करेगा। एआई (अध्ययन केंद्र) शिक्षार्थियों को कक्षाओं में उपस्थित होने की अनुमति देगा।

यह एआई (अध्ययन केंद्र) का उत्तरदायित्व होगा कि प्रत्येक अध्ययन केंद्र पर एनआईओएस द्वारा निर्धारित समय सीमा में प्रायोगिक सत्रों सहित पीसीपी सत्रों का आयोजन किया जाए। पीसीपी की समय तालिका एआई (अध्ययन केंद्र) द्वारा एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड की जाए। **एआई (अध्ययन केंद्र) को यह लिंक लॉगइन विवरण सहित पहले ही प्रदान किया जा चुका है।**

उपर्युक्त कार्रवाई एनआईओएस शिक्षार्थियों के हित में आवश्यक है और यदि यह कार्रवाई नहीं की जाती है तो यह मान लिया जाएगा कि आपका एआई (अध्ययन केंद्र) कार्य नहीं कर रहा है और आपको पीसीपी निधि जारी नहीं की जाएगी। इसके परिणामस्वरूप एनआईओएस द्वारा एआई (अध्ययन केंद्र) को रद्द करने की प्रक्रिया भी आरंभ की जाएगी।

चूँकि पीसीपी एनआईओएस शिक्षार्थियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मंच है। अतः अनुरोध है कि एनआईओएस शिक्षार्थियों की जानकारी के लिए पीसीपी समय तालिका अपने डैशबोर्ड में दिए गए लिंक पर तुरंत अपलोड करें।

इस संबंध में आपके पूर्ण सहयोग का अनुरोध है।

भवदीय

(एस.विजय कुमार)
निदेशक (वि.स.से.)

सेवा में,

सभी समन्वयक
एआई (अध्ययन केंद्र), एनआईओएस

प्रति :

1. एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय निदेशक
2. संयुक्त निदेशक (वि.स.से.)
3. सहायक निदेशक (प्रत्यायन)
4. एसए/पी ।